## Question bank

**Chapter-1 भाषा, और लिपि व्याकरण (Language, Script and Grammar)**

**Q-1 सही/गलत वाक्य बताइए -**

(1)- सांकेतिक भाषा भी भाषा का मान्यता प्राप्त रूप है।

(2)- विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम भाषा कहलाता है।

(3)- भाषा के तीन प्रमुख रूप हैं।

(4)- पंजाबी राष्ट्रीय भाषा है।

(5)- लिखित भाषा स्थाई होती है।

(6)- हरियाणवी एक बोली है।

(7)- संस्कृत की लिपि देवनागरी है।

(8)- संस्कृत भारत की प्राचीनतम भाषा है।

**Q-2 रिक्त स्थानों में उचित शब्द भरिए -**

(1)- -------------------------------- हमारी राष्ट्रभाषा है।

(2)- -------------------------------- तथा -------------------------------- मौखिक भाषा के उदाहरण हैं।

(3)- -------------------------------- भाषा को सीखने के लिए प्रयत्न करना पड़ता है।

(4)- व्याकरण में -------------------------------- को भाषा का दर्जा नहीं दिया जाता है।

(5)- -------------------------------- किसी भाषा के सीमित क्षेत्र में बोली जाती है।

(6)- -------------------------------- भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान प्रदान करता है।

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- भाषा से क्या तात्पर्य है?

(2)- भाषा के दो प्रमुख रूप कौन-से हैं? उनका सोदाहरण वर्णन कीजिए।

(3)- भाषा और बोली में क्या अंतर है?

(4)- लिपि किसे कहते हैं? हमारी राष्ट्रभाषा की लिपि बताइए।

(5)- बोली तथा उपभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(6)- व्याकरण का महत्व बताइए।

(7)- हिंदी राज्यों के नाम बताइए।

(8)- दक्खिनी हिंदी कहाँ-कहाँ बोली जाती है?

**Q-4 उचित मिलान कीजिए -**

## Multiple Choice Questions

**(a) व्याकरण के अनुरूप भाषा नहीं है -**

(i) बोलना-सुनना

(ii) लिखना-पढ़ना

(iii) संकेत करना

**(b) मौखिक भाषा का उदाहरण है -**

(i) समाचार-पत्र

(ii) भाषण

(iii) ई-मेल

**(c) लिखित भाषा का उदाहरण नहीं है -**

(i) गायन

(ii) पत्र

(iii) ग्रंथ

**(d) उच्चारित ध्वनियों को लिखने के लिए निर्धारित किए गए चिह्न कहलाते हैं -**

(i) संज्ञा

(ii) सर्वनाम

(iii) लिपि

**(e) भारतीय संविधान द्वारा कितनी भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है?**

(i) बीस

(ii) तेईस

(iii) बाईस

**(f) पंजाबी भाषा की लिपि है -**

(i) गुरुमुखी

(ii) देवनागरी

(iii) रोमन

**Chapter-2 वर्ण - व्यवस्था (Phonology)**

**Q-1 निम्नलिखित के चिह्न लगाकर चार-चार शब्द लिखिए -**

अनुस्वार -

अनुनासिक -

विसर्ग -

**Q-2 निम्नलिखित से दो-दो शब्द बनाइए -**

र् + क -

त् + य -

च् + च -

प् + प -

म् + म -

र् + ग -

ल् + य -

त् + त -

श् + य -

ब् + ब -

**Q-3 इन शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए -**

भावना -

बादल -

व्यक्ति -

मूषक -

बगिया -

प्रकट -

क्षुधा -

कच्चा -

**Q-4 मौखिक प्रश्न**

(1)- वर्ण किसे कहते हैं?

(2)- स्वर और व्यंजन में क्या अंतर है?

(3)- स्वर के कौन-कौन से भेद हैं? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(4)- व्यंजन के कितने भेद हैं? सोदाहरण बताइए।

(5)- वर्ण-विच्छेद से क्या तात्पर्य है?

## Multiple Choice Questions

**(a) ह्रस्व स्वरों की संख्या है -**

(i) चार

(ii) तीन

(iii) दो

**(b) इनमें से स्पर्श व्यंजन है -**

(i) प, फ, ब, भ, म

(ii) य, र, ल, व

(iii) श, ष, स, ह

**(c) ड़ और ढ़ हैं -**

(i) स्पर्श व्यंजन

(ii) अयोगवाह

(iii) उत्क्षिप्त व्यंजन

**(d) इनमें से कौन-से अयोगवाह कहलाते हैं?**

(i) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र

(ii) ऊ, ओ, औ

(iii) अं, अः

**(e) मोरनी’ शब्द का सही वर्ण विच्छेद है -**

(i) म्+ओ+र्+अ+न्+ई

(ii) म्+ओ+र्+अ+न्+इ

(iii) म्+औ+र्+अ+न्+ई

**(f) कौन-से स्वर की मात्र नहीं होती है?**

(i) ‘अ’ की

(ii) ‘आ’ की

(iii) ‘ई’ की

**Chapter-3 शब्द - व्यवस्था (Etymology)**

**Q-1 निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए -**

आँसू -

दूध -

मोर -

गाँव -

माथा -

ऊँट -

**Q-2 प्रत्येक के चार-चार उदाहरण लिखिए-**

रूढ़ -

यौगिक -

योगरूढ़ -

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- शब्द किसे कहते हैं?

(2)- शब्द के भेद किन आधारों पर किए जाते हैं?

(3)- तद्भव तथा तत्सम शब्दों में क्या अंतर है?

(4)- देशज तथा विदेशज शब्दों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**Q-4 इन शब्दों के तद्भव रूप लिखिए -**

सप्त -

वानर -

दुग्ध -

मयूर -

हस्त -

गृह -

## Multiple Choice Questions

**(a) शब्द क्या होता है?**

(i) पद

(ii) वर्णों का समूह

(iii) वर्णों का सार्थक समूह

**(b) इनमें तत्सम शब्द नहीं है -**

(i) कर्ण

(ii) दूध

(iii) वानर

**(c) इनमें तद्भव शब्द नहीं है -**

(i) भौंरा

(ii) भ्रमर

(iii) कूप

**(d) योगरूढ़ शब्द का उदाहरण है -**

(i) नरेश

(ii) पंकज

(iii) बिल्ली

**Chapter-4 शब्द - रचना - उपसर्ग (Prefix)**

**Q-1 नीचे दिए गए शब्दों में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए**

सफल -

अनार्य -

बेईमान -

सरपंच -

दुस्साहस -

कमज़ोर -

पराक्रम -

अत्याचार -

अनुचर -

सुपुत्र -

अधपका -

विज्ञान -

सत्कर्म -

खुशबू -

लापरवाह -

निर्मल -

आजन्म -

परनाना -

अपयश -

प्रयास -

हमउम्र -

भरसक -

**Q-2 निम्नलिखित उपसर्ग लगाकर तीन-तीन शब्द बनाइए -**

स -

अभि -

प्र -

वि -

अ -

नि -

स्व -

अनु -

पर -

कु -

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- उपसर्ग किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

(2)- हिंदी में कौन-कौन से उपसर्ग प्रयोग किए जाते हैं?

**Q-4 नीचे दिए गए शब्दों में दो भिन्न उपसर्ग जोड़कर शब्द बनाइए -**

देश -

ख्यात -

कर्म -

जन्म -

बल -

## Multiple Choice Questions

**(a) उपसर्ग क्या होते हैं?**

(i) शब्दांश

(ii) शब्द

(iii) मूल शब्द

**(b) हिंदी में कितने प्रकार के उपसर्ग प्रचलित हैं?**

(i) तीन प्रकार

(ii) दो प्रकार

(iii) चार प्रकार

**(c) 'परामर्श' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

(i) परा

(ii) पराम

(iii) पर

**(d) 'अपलक' शब्द में उपसर्ग है -**

(i) अप

(ii) प

(iii) अ

**(e) 'दुस्' उपसर्ग का अर्थ है -**

(i) कठिन

(ii) सरल

(iii) निषेध

**(f) 'अत्याचार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

(i) अधि

(ii) अति

(iii) अत्य

**Chapter-5 शब्द - रचना - प्रत्यय (Suffix)**

**Q-1 इन शब्दों से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग-अलग करके लिखिए -**

लुहार -

चित्रकार -

शौकीन -

ममेरा -

चायवाला -

गरमी -

चमकीला -

मानवता -

**Q-2 इन शब्दों में प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए -**

धर्म -

चाचा -

मीठा -

कथा -

सब्ज़ी -

नमक -

जादू -

शाप -

**Q-3 नीचे दिए गए शब्दों में दो-दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है, उन्हें छाँटकर लिखिए -**

मानवीयता -

बचपना -

जातीयता -

सामाजिकता -

भौतिकता -

बनावटी -

**Q-4 इन प्रत्ययों के प्रयोग से दो-दो नए शब्द बनाइए -**

वाला -

इक -

आर -

ता -

एरा -

आलु -

**Q-5 मौखिक प्रश्न**

(1)- प्रत्यय किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

(2)- प्रत्यय से भेदों के नाम बताइए।

## Multiple Choice Questions

**(a) प्रत्ययों का प्रयोग कहाँ होता है?**

(i) शब्द के आगे

(ii) शब्द के पीछे

(iii) शब्द के बीच मे

**(b) प्रत्यय के कितने भेद हैं?**

(i) तीन

(ii) चार

(iii) दो

**(c) 'अड़ियल' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -**

(i) इयल

(ii) अल

(iii) अड़

**(d) कौन-सा शब्द उपसर्ग तथा प्रत्यय के योग से नहीं बना है?**

(i) अपमानित

(ii) सुगंधित

(iii) खिलाड़ी

**(e) किस शब्द में दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है?**

(i) परिमाण

(ii) अनुमानित

(iii) सामाजिकता

**Chapter-6 शब्द - रचना - समास (Compound)**

**Q-1 समास विग्रह करके समास के भेद का नाम बनाइए -**

नीलकमल -

त्रिभुज -

यशप्राप्त -

अन्न-जल -

अंधकूप -

देहलता -

हवन सामग्री -

आजीवन -

चौमासा -

भुजदंड -

**Q-2 समस्तपद बनाकर समास के भेदों के नाम लिखिए -**

गज जैसा आनन है जिसका अर्थात् गणेश -

तीन रंगों का समूह -

आचार और विचार -

महान है जो देव -

सत्य के लिए आग्रह -

जन्म से लेकर -

कमल के समान कर (हाथ) -

चार हैं आनन जिसके अर्थात् ब्रह्मा -

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- समास किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

(2)- समास के कितने भेद हैं? उनके नाम बताइए।

**Q-4 समस्तपद पढ़िए तथा सही समास तक रेखा खींचिए -**

## Multiple Choice Questions

**(a) द्विगु समास का उदाहरण है -**

(i) शताब्दी

(ii) नीलकमल

(iii) दशानन

**(b) इस समास के दोनों पद प्रधान होते हैं। यह कहलाता है -**

(i) द्विगु समास

(ii) तत्पुरुष समास

(iii) बहुव्रीहि समास

**(c) अव्ययीभाव समास का उदाहरण नहीं है -**

(i) भरपेट

(ii) पीतांबर

(iii) यशप्राप्त

**(d) द्वंद्व समास का उदाहरण है -**

(i) नर-नारी

(ii) ग्रंथकार

(iii) दानवीर

**(e) इस समास के दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य या उपमेय-उपमान का संबंध होता है। यह समास है -**

(i) द्विगु समास

(ii) द्वंद्व समास

(iii) तत्पुरुष समास

**Chapter-7 संधि (Joining)**

**Q-1 लिखिए -**

चे + अन =

हिम + आलय =

वाक् + ईश =

रवि + इंद्र =

सु + आगत =

नमः + ते =

एक + एक =

मनः + रंजन =

नै + अक =

अधि + एता =

**Q-2 संधि विच्छेद कीजिए-**

दिनेश -

गुरुपदेश -

उज्ज्वल -

सज्जन -

सदैव -

सुरेंद्र -

नदीश -

परोपकार -

व्यूह -

महर्षि -

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- संधि किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

(2)- संधि के विभिन्न भेदों के नाम बताइए।

## Multiple Choice Questions

**(a) संधि किस का मेल होती है?**

(i) शब्दों का

(ii) वर्णों का

(iii) वाक्यों का

**(b) संधि के कितने भेद होते हैं?**

(i) तीन

(ii) पाँच

(iii) छह

**(c) स्वर संधि का उदाहरण नहीं है -**

(i) इत्यादि

(ii) सुरेंद्र

(iii) नीरस

**(d) विसर्ग संधि का उदाहरण है-**

(i) मनोहर

(ii) सज्जन

(iii) उज्ज्वल

**(e) कौन-से शब्द में व्यंजन से व्यंजन का मेल हुआ है?**

(i) जगदीश

(ii) सदाचार

(iii) जगन्नाथ

**(f) कौन-से शब्द में व्यंजन तथा स्वर का मेल हुआ है?**

(i) वागीश

(ii) परिच्छेद

(iii) उज्ज्वल

**Chapter-8 संज्ञा (Noun)**

**Q-1 इन वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए तथा उनके भेदों के नाम भी बताइए-**

(1)- किसी से शत्रुता मत रखो।

(2)- सुमन दो दिन से बीमार है।

(3)- नदी बह रही है।

(4)- सुंदरता सभी को अच्छी लगती है।

(5)- कुतुबमीनार दिल्ली में है।

**Q-2 भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए -**

मनुष्य -

मित्र -

बुरा -

चलना -

हँसना -

लड़का -

सुंदर -

सर्व -

प्रभु -

निर्धन -

सेवक -

कायर -

गम -

बहादुर -

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बताइए।

(2)- संज्ञा के भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

**Q-4 शब्दों का उनके भेद के साथ मिलान कीजिए -**

## Multiple Choice Questions

**(a) संज्ञा के कितने भेद होते हैं? -**

(i) दो भेद

(ii) चार भेद

(iii) तीन भेद

**(b) जातिवाचक शब्द कराते हैं-**

(i) पूरी जाति का बोध

(ii) विशेष व्यक्ति या प्राणी का बोध

(iii) भाव या अवस्था का बोध

**(c) जातिवाचक संज्ञा शब्द है -**

(i) ग्रंथ

(ii) रामायण

(iii) दिल्ली

**(d) व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है -**

(i) दिनेश

(ii) पुत्र

(iii) सुमन लता

**(e) भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है -**

(i) मित्रता

(ii) मित्र

(iii) मीत

**Chapter-9 लिंग (Gender)**

**Q-1 इन शब्दों के लिंग बदलिए -**

ससुर -

गायक -

पुत्रवान -

सम्राट -

फूफा -

तेली -

जेठ -

नाइन -

कवयित्री -

विदुषी -

दात्री -

पुत्रवती -

बहन -

बधू -

**Q-2 निम्न से अंत होने वाले तीन-तीन स्त्रीलिंग शब्द लिखिए -**

आवट -

इया -

ता -

आई -

इया -

**Q-3 निम्न से अंत होने वाले तीन-तीन पुलिं्लग शब्द लिखिए -**

आ -

आव -

पन -

आवा -

औड़ा -

**Q-4 मौखिक प्रश्न**

(1)- लिंग किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

(2)- लिंग के भेदों के नाम बताइए।

**Q-5 उचित मिलान कीजिए -**

## Multiple Choice Questions

**(a) लिंग कितने प्रकार के होते हैं?**

(i) दो

(ii) तीन

(iii) पाँच

**(b) नित्य पुलिं्लग शब्द है -**

(i) तितली

(ii) बिच्छू

(iii) बैल

**(c) नित्य स्त्रीलिंग शब्द है -**

(i) बिल्ली

(ii) बछिया

(iii) गिलहरी

**(d) 'रचयिता' का स्त्रीलिंग रूप है -**

(i) रचयिती

(ii) रचयित्री

(iii) रचयितानी

**(e) 'धैर्यवान' का स्त्रीलिंग रूप है -**

(i) धैर्यवती

(ii) धैर्यमती

(iii) धैर्यवानी

**(f) 'निर्मल' का स्त्रीलिंग रूप है -**

(i) निर्मली

(ii) निर्मला

(iii) निर्मलिनी

**Chapter-10 वचन (Number)**

**Q-1 इन वाक्यों के वचन परिवर्तित करके पुनः लिखिए -**

(1)- कबूतर आकाश में उड़ रहा है।

(2)- सैनिक के पास भाला है।

(3)- मेरे पास एक रुपया है।

(4)- मैदान में कुरसी रखी है।

(5)- उधर बिल्ली बैठी है।

**Q-2 इनके वचन बदलिए -**

बुढ़िया -

बस्ता -

छात्र -

महिला -

मजदूर -

आँख -

नदी -

चुहिया -

गाय -

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- वचन किसे कहते हैं?

(2)- वचन के कितने भेद हैं? उनके नाम बताइए।

**Q-4 इन शब्दों से वाक्य बनाते हुए वचन स्पष्ट कीजिए -**

जनता -

होश -

दर्शन -

आग -

प्राण -

वर्षा -

## Multiple Choice Questions

**(a) इनमें से किसके द्वारा वचन की पहचान नहीं हो सकती?**

(i) क्रियाविशेषण

(ii) विशेषण

(iii) क्रिया

**(b) इनमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**

(i) वर्षा हो रही है।

(ii) राजा ने बाल कटवाया।

(iii) पानी गरम हो गया।

**(c) वचन के कितने भेद होते हैं?**

(i) तीन भेद

(ii) दो भेद

(iii) चार भेद

**(d) इनमें से कौन-सा शब्द सदैव बहुवचन में प्रयोग होता है?**

(i) प्राण

(ii) पानी

(iii) जनता

**(e) इनमें से कौन-सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयोग होता है?**

(i) हस्ताक्षर

(ii) दर्शन

(iii) छाया

**(f) कौन-सा शब्द सही है?**

(i) गुरुवर्ग

(ii) गुरुजन

(iii) गुरुवृंद

**Chapter-11 कारक (Case)**

**Q-1 निम्नलिखित वाक्यों में से करण तथा अपादान कारक छाँटकर उनके सामने नाम लिखिए -**

(1)- तुम मंदिर से कब लौटी?

(2)- मैं कलम से लिखता हूँ।

(3)- राजू दिनेश से चतुर है।

(4)- कुंती अध्यापिका से डरती है।

(5)- पेड़ से नीचे उतरो।

(6)- ब्लेड से सेब मत काटो।

(7)- मैं बस से विद्यालय जाता हूँ।

(8)- सुमन से लिखा नहीं जाता।

**Q-2 इन वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए -**

(1)- मैं स्कूल में से आ रहा हूँ।

(2)- चार बालक खूब काम किया।

(3)- कहाँ को जा रहे हो?

(4)- जोर में बादल गरज रहे हैं।

(5)- राम ने बाण से रावण मारा।

(6)- मैं कुछ का कुछ बोल दिया हूँ।

(7)- माली ने पौधों पर पानी दिया।

(8)- स्वार्थी लोग धन-संचय किया है।

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- कारक किसे कहते हैं?

(2)- कारकों के नाम तथा उनके परसर्ग बताइए।

**Q-4 इन वाक्यों में कर्म अथवा संप्रदान कारक पहचानकर उनके नाम लिखिए -**

(1)- श्याम ने अतुल को मिठाई दी।

(2)- माली ने पौधों को सींचा।

(3)- सीमा ने किरण को पुस्तक पकड़ाई।

(4)- जगदीश ने सोहन को पढ़ाया।

(5)- ललित ने चमन को टॉफियाँ दीं।

**Q-5 प्रत्येक कारक के लिए दो-दो वाक्य लिखिए -**

कर्ता -

कर्म -

करण -

संप्रदान -

अपादान -

संबंध -

अधिकरण -

संबोधन -

## Multiple Choice Questions

**(a) 'परसर्ग' दूसरे किस नाम से जाना जाता है?**

(i) अव्यय

(ii) पद

(iii) विभक्ति

**(b) जिसके लिए कार्य किया जाए उसे क्या कहते हैं?**

(i) संप्रदान कारक

(ii) करण कारक

(iii) कर्ता कारक

**(c) 'रमा घर से चली गई।' वाक्य में प्रयुक्त 'से' किस कारक के लिए प्रयोग हुआ है?**

(i) करण कारक

(ii) अपादान कारक

(iii) संप्रदान कारक

**(d) कौन-से कारक में संज्ञा या सर्वनाम पद पर क्रिया के व्यापार का फल पड़ता है?**

(i) करण कारक

(ii) संप्रदान कारक

(iii) कर्म कारक

**(e) कौन-सा कारक क्रिया के आधार के बारे में बताता है?**

(i) संबंध कारक

(ii) अधिकरण कारक

(iii) अपादान कारक

**(f) क्रिया के साधन की जानकारी देने वाला कारक कहलाता है -**

(i) करण कारक

(ii) अपादान कारक

(iii) संबंध कारक

**Chapter-12 सर्वनाम (Pronoun)**

**Q-1 खाली स्थानों में भरिए -**

(1)- क्या वह ------------------------- बहन है।

(2)- मैं ------------------------- सिखाऊँगा।

(3)- राजा और ------------------------- भाई आए हैं।

(4)- ------------------------- खाना खा लिया हो, तो कहो कि अब सो ------------------------- जाएँ।

(5)- ------------------------- हमारी गाएँ हैं।

(6)- बाहर से ------------------------- बुलाओ।

**Q-2 मौखिक प्रश्न**

(1)- सर्वनाम किसे कहते हैं?

(2)- सर्वनाम के विभिन्न भेदों के नाम बताइए।

## Multiple Choice Questions

**(a) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?**

(i) पाँच भेद

(ii) छह भेद

(iii) चार भेद

**(b) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम के उदाहरण हैं -**

(i) मैं, हम, हमें

(ii) तू, तुम, आप

(iii) वह, वे, उसे

**(c) वह भेड़िया नहीं, कुत्ता है। इस वाक्य में 'वह' शब्द है -**

(i) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

(ii) निश्चयवाचक सर्वनाम

(iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**(d) मैं अपने आप पढ़ लूँगी। इस वाक्य में 'अपने आप' शब्द है -**

(i) निश्चयवाचक सर्वनाम

(ii) निजवाचक सर्वनाम

(iii) संबंधवाचक सर्वनाम

**(e) संबंधवाचक सर्वनाम का उदाहरण है -**

(i) जैसा करोगे, वैसा भरोगे।

(ii) कौन आ रहा है?

(iii) तुम्हें स्वयं जाना पड़ेगा

**Chapter-13 विशेषण (Adjective)**

**Q-1 खाली स्थानों में उचित विशेषण शब्द भरिए-**

(1)- सुमन ने ------------------------- सूट पहना। (पंजाब/पंजाबी)

(2)- सामने से ------------------------- मकान मंगल का है। (तीसरा/तीन)

(3)- मानव शरीर ------------------------- है। (नाश/नाशवान)

(4)- राजेश ------------------------- कपड़ा लाया। (दो किलो/दो मीटर)

(5)- यह गाड़ी ------------------------- भार उठा सकती है। (दुगुना/दूसरा)

**Q-2 इन शब्दों से विशेषण बनाइए -**

प्रकृति -

भीतर -

भारत -

भागना -

पीना -

वर्ष -

कौन -

पंजाब -

नमक -

बल -

सड़ना -

लड़ना -

दया -

वह -

**Q-3 नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेदों को नाम लिखिए -**

(1)- उस व्यक्ति को बुलाओ।

(2)- तुम बहुत मिठाई खाते हो।

(3)- कुछ बालक घर गए हैं।

(4)- बाहरी लोगों का अंदर आना मना है।

(5)- मैं आठवीं कक्षा की छात्र हूँ।

(6)- ठंडे रसगुल्ले खाकर मजा आ गया।

(7)- सब्ज़ी में थोड़ा नमक डालो।

(8)- बाजार से दस किलो आटा लाओ।

(9)- जल में सफ़ेद कमल खिले हैं।

(10)- वह लड़का यहाँ क्या कर रहा है?

**Q-4 इन वाक्यों में से सार्वनामिक विशेषण तथा सर्वनाम शब्द छाँटकर सामने दिए गए रिक्त स्थान में लिखिए -**

(1)- वह लड़की अच्छा गा लेती है।

(2)- वह आज नहीं आ पाएगी।

(3)- उस बालक की माँ आई है।

(4)- मेरी पुस्तक मुझे दे दो।

(5)- चाहो तो उसे बुलाकर पूछ लो।

(6)- क्या यह वाटिका तुमने देखी है?

(7)- ये किताबें मुझे दे दो।

(8)- उसकी माँ के बारे में गलत मत बोलो।

**Q-5 इन वाक्यों में से विशेषण तथा प्रविशेषण छाँटकर लिखिए -**

(1)- यह बहुत गहरा कुआँ है।

(2)- तुम तो बहुत ईमानदार बालक हो।

(3)- वह तो बड़ा झूठा आदमी निकला।

(4)- यह चित्र अति सुंदर है।

(5)- नेता जी ने अत्यंत गर्वीला भाषण दिया।

**Q-6 निम्नलिखित संज्ञाओं के लिए दो-दो विशेषण लिखिए -**

मित्र -

पानी -

पहाड़ -

फल -

घर -

वृक्ष -

नदी -

फूल -

**Q-7 मौखिक प्रश्न**

(1)- विशेषण किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

(2)- विशेषण तथा विशेष्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(3)- विशेषण के भेदों के नाम बताइए।

(4)- प्रविशेषण से क्या तात्पर्य है? सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

## Multiple Choice Questions

**(a) विशेषण कितने प्रकार के होते हैं?**

(i) तीन प्रकार

(ii) छह प्रकार

(iii) चार प्रकार

**(b) गुण-दोष के विषय में बताने वाले विशेषण कहलाते हैं -**

(i) गुणवाचक विशेषण

(ii) सार्वनामिक विशेषण

(iii) परिमाणवाचक विशेषण

**(c) क्रमबोधक विशेषण है -**

(i) चार

(ii) तीसरा

(iii) तीनों

**(d) सार्वनामिक विशेषण का उदाहरण है -**

(i) वे लोग कहाँ जाएँगे?

(ii) मुझे सौ रुपए चाहिए।

(iii) उसने नीली साड़ी पहनी है।

**Chapter-14 क्रिया (Verb)**

**Q-1 क्रियाओं को पहचानकर उनके सामने सकर्मक तथा अकर्मक लिखिए**

(1). सागर दौड़ता है। ----------------------------------------------

(2). श्याम ट्रेन द्वारा आएगा। ------------------------------------------

(3). सुमन आगरा चली गई। ------------------------------------------

(4). श्यामा खाना खा रही है। ----------------------------------------

(5). माता जी बच्चों के लिए मिठाई लाई। --------------------------------

(6). सोनू जग गया। ------------------------------------------------

(7). लड़कियाँ नृत्य कर रही हैं। ---------------------------------------

(8). कुत्ता भौंक रहा है। ---------------------------------------------

**Q-2 नामधातु क्रियाएँ बनाइए**

झूठ

साठ

फिल्म

गरम

बात

हाथ

शर्म

थरथर

**Q-3 पूर्वकालिक क्रियाएँ छाँटकर सामने लिखिए**

(1). सीमा ने उठकर खाना बनाया। ------------------------------------

(2). शीशा गिरकर टूट गया। -----------------------------------------

(3). विपुल खाना खाकर सो गया। ------------------------------------

(4). बच्ची दौड़कर पिता के पास चली गई। ---------------------------------

**Q-4 मौखिक प्रश्न**

(1). क्रिया किसे कहते हैं?

(2). कर्म के आधार पर क्रिया के भेदों के नाम बताइए।

(3). अकर्मक तथा सकर्मक क्रिया में सोदाहरण अंतर स्पष्ट कीजिए।

(4). संरचना के आधार पर क्रिया के भेद बताइए।

## Multiple Choice Questions

**(a) क्रिया का मूल रूप कहलाता है**

(i) धातु

(ii) शब्द

(iii) पद

**(b) बच्ची सो रही है। वाक्य में कौन-सी क्रिया प्रयुक्त हुई है?**

(i) सकर्मक

(ii) अकर्मक

(iii) द्विकर्मक

**(c) संयुक्त क्रिया होती है**

(i) दो कर्म वाली क्रिया

(ii) एक कर्म वाली क्रिया

(iii) दो या अधिक भिन्नार्थक क्रियाओं का संयोग

**(d) नामधातु क्रिया का उदाहरण है**

(i) बतियाना

(ii) बुलाना

(iii) बुलवाना

**(e) प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया नहीं है**

(i) चलाना

(ii) पढ़वाना

(iii) लिखाना

**(f) पूर्वकालिक क्रिया का उदाहरण है**

(i) लिखकर

(ii) थरथराना

(iii) भिनभिनान

**Chapter-15 क्रिया: काल (Tense)**

**Q-1 खाली स्थानों में उचित क्रियापद भरिए**

(1). सिपाही ने बच्चे को । ------------------------------------------------------------

(2). रेल में बैठे यात्री । ------------------------------------------------------------

(3). हम रविवार को लाल किला देखने । ------------------------------------------------------------

(4). दादा जी भोजन कर चुके । ------------------------------------------------------------

**Q-2 मौखिक प्रश्न**

(1). काल किसे कहते हैं?

(2). काल के विविध भेदों के नाम बताइए।

## Multiple Choice Questions

**(a) काल के कितने भेद हैं?**

(i) दो भेद

(ii) तीन भेद

(iii) चार भेद

**(b) बच्चा रो रहा था। भूतकाल का कौन-सा भेद है?**

(i) अपूर्ण भूतकाल

(ii) पूर्ण भूतकाल

(iii) आसन्न भूतकाल

**(c) सामान्य वर्तमान काल का उदाहरण है -**

(i) सीमा नाच रही है।

(ii) गाय दूध देती हैं।

(iii) मोहन पत्र लिख रहा होगा।

**(d) संभाव्य भविष्यत् काल का उदाहरण है -**

(i) मौसी शायद खिलौने लाए।

(ii) श्याम कल आएगा।

(iii) दीपू जूते पॉलिश करेगा।

**Chapter-16 क्रियाविशेषण (Adverbs)**

**Q-1 नीचे दिए गए रिक्त स्थानों भरिए -**

(3)- निबंध-लेखन प्रतियोगिता ------------------------------------- होगी।

(4)- सुमन ------------------------------------- सोती रहती है।

(5)- बिजली ------------------------------------- जा रही है।

(6)- मैं ------------------------------------- आऊँगा।

(1)- वह अपनी आदत से ------------------------------------- बाज नहीं आएगा।

(2)- पिता जी सैर करने ------------------------------------- जाते हैं।

**Q-2 नीचे दिए गए वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्दों को छाँटकर लिखिए तथा उनके भेदों के नाम भी लिखिए -**

(1)- अब दुकानें सुबह खुलेंगी।

(2)- इस बार हमने लीची बहुत खाई।

(3)- कहाँ जा रहे हो।

(4)- धीरे-धीरे मत चलो।

(5)- उतना खाओ, जितनी भूख हो।

(6)- छात्रएँ उधर गई हैं।

(7)- वर्षा रातभर होती रही।

(8)- सीमा ने परिश्रम कम किया।

(9)- सुरेश शायद आए।

(10)- मैं बस इतना खाऊँगी।

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- क्रियाविशेषण किसे कहते हैं?

(2)- क्रियाविशेषण के कितने भेद हैं? उनके नाम बताइए।

(3)- स्थानवाचक क्रियाविशेषण तथा कालवाचक क्रियाविशेषण में अंतर बताइए।

(4)- परिमाणवाचक विशेषण तथा परिमाणवाचक क्रियाविशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**Q-4 इन शब्दों को विशेषण तथा क्रियाविशेषण दोनों रूपों में प्रयोग कीजिए -**

अधिक -

खूब -

कुछ -

काफी -

पर्याप्त -

कम -

## Multiple Choice Questions

**(a) क्रियाविशेषण किसकी विशेषता बताते हैं?**

(i) सर्वनाम की

(ii) क्रिया की

(iii) लिंग की

**(b) कालवाचक क्रियाविशेषण का उदाहरण है-**

(i) निरंतर

(ii) ऊपर

(iii) अचानक

**(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण का उदाहरण है-**

(i) पर्याप्त

(ii) सहसा

(iii) अत्यंत

**(d) क्रिया की स्थान संबंधी विशेषता बताने वाला क्रियाविशेषण है-**

(i) परसों

(ii) ध्यानपूर्वक

(iii) भीतर

**(e) 'तुम जल्दी खाना खा लेते हो।' इस वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण है-**

(i) परिमाणवाचक

(ii) रीतिवाचक

(iii) स्थानावाचक

**Chapter-17 संबंधबोधक, समुच्चयबोधक तथा विस्मयादिकबोधक**

**Q-1 नीचे दिए रिक्त स्थानों में संबंधबोधक भरिए -**

(1)- घर ------------------------------------- एक छोटा-सा उद्यान है।

(2)- गरमी ------------------------------------- बुरा हाल है।

(3)- कानून ------------------------------------- चलने का यही परिणाम होता है।

(4)- कलम ------------------------------------- लिखा नहीं जा सकता।

(5)- राम ------------------------------------- श्याम आया।

(6)- सुमन ------------------------------------- निशा तेज है।

(7)- गेहूँ ------------------------------------- घुन भी पिसता है।

**Q-2 नीचे दिए रिक्त स्थानों में विस्मयादिबोधक शब्द लिखिए-**

(1)- ---------------------------- ! मैं कल आऊँगा।

(2)- ---------------------------- ! आप आ गए।

(3)- ---------------------------- ! इतना गहरा कुआँ।

(4)- ---------------------------- ! तुम्हें पुरस्कार मिल गया।

(5)- ---------------------------- ! उधर मत जाइए।

(6)- ---------------------------- ! उसकी टाँग टूट गई।

(7)- ---------------------------- ! सुमन प्रथम आई है।

(8)- ---------------------------- ! आपके दर्शन तो हुए।

**Q-3 मौखिक प्रश्न**

(1)- संबंधबोधक किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

(2)- समुच्चयबोधक से क्या तात्पर्य है?

(3)- समुच्चयबोधक के कितने भेद हैं? उदाहरण सहित बताइए।

(4)- विस्मयादिबोधक से आप क्या समझते हैं?

**Q-4 इन संबंधबोधक शब्दों से वाक्य बनाइए-**

के आगे -

के पश्चात् -

के कारण -

के विरुद्ध -

के बाहर -

के भीतर -

**Q-5 इन समुच्चयबोधक शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

और -

परंतु -

क्योंकि -

इसलिए -

ताकि -

अन्यथा -

कि -

अथवा -

**Q-6 निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -**

वाह-वाह! -

हाय-हाय! -

बाप-रे-बाप! -

छिः-छिः! -

सावधान! -

शाबाश! -

जय हो! -

## Multiple Choice Questions

**(a) 'के पहले' संबंधबोधक है -**

(i) काल सूचक

(ii) स्थान सूचक

(iii) कारण सूचक

**(b) विरोधसूचक संबंधबोधक का उदाहरण है-**

(i) की अपेक्षा

(ii) के सहारे

(iii) के विपरीत

**(c) समुच्चयबोधक का उदाहरण है-**

(i) इसलिए

(ii) के पश्चात्

(iii) के समान

**(d) व्यधिकरण समुच्चयबोधक है-**

(i) और

(ii) अथवा

(iii) क्योंकि

**(e) घृणाबोधक शब्द है-**

(i) धत्!

(ii) शाबाश!

(iii) अच्छा!

**Chapter-18 शब्द - भंडार (Vocabulary)**

**Q-1 अनेक के लिए एक शब्द लिखिए -**

(1)- जिसका दमन न हो सके -

(2)- जिसका नाम नहीं हो -

(3)- जिसमें दया न हो -

(4)- जिसमें शक्ति न हो -

(5)- मांस खाने वाला --

(6)- दूर की सोचने वाला -

**Q-2 मौखिक प्रश्न**

(1)- पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

(2)- विलोम शब्द से क्या तात्पर्य है? सोदाहरण बताइए।

(3)- समरूप भिन्नार्थक शब्द क्या होते हैं? कुछ उदाहरण दीजिए।

(4)- अनेकार्थक शब्द क्या होते हैं? उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।

**Q-3 उचित मिलान कीजिए-**

**Q-4 इनके विलोम शब्द लिखिए-**

राग -

इच्छा -

पराजय -

ईश्वर -

संयोग -

गुप्त -

कृपण -

संपन्न -

सम्मुख -

आगत -

आदि -

आर्द्र -

खीज -

कटु -

**Q-5 इन शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए -**

कनक -

जलधर -

कुल -

नग -

दल -

भव -

चपला -

वार -

वन -

मित्र -

वर -

रस -

**Q-6 इन शब्दों से वाक्य बनाते हुए इनका अर्थ भेद स्पष्ट कीजिए -**

अनल -

अनिल -

कीला -

प्रधान -

परिधान -

अंगना -

अँगना -

## Multiple Choice Questions

**(a) 'अश्व' का पर्यायवाची नहीं है -**

(i) हय

(ii) तरंग

(iii) तुरंग

**(b) 'मोर' का दूसरा नाम है-**

(i) शकुची

(ii) केकी

(iii) शर्वरी

**(c) 'ईश' का विपरीतार्थक है-**

(i) अईश

(ii) अपईश

(iii) अनीश

**(d) 'भव' का अनेकार्थक शब्द नहीं है -**

(i) कुशल

(ii) भाग्य

(iii) महादेव

**(e) 'अगम' का अर्थ 'दुर्लभ' है तो 'आगम' का अर्थ होगा -**

(i) उत्पत्ति

(ii) कमल

(iii) खान

**Chapter-19 वाक्य (The Sentence)**

**Q-1 इन वाक्यों को सरल वाक्यों में बदलिए -**

(1)- जो परिश्रम करेगा, वही उत्तीर्ण होगा।

(2)- जब बादल आएगा, तभी वर्षा होगी।

(3)- आप अंदर आइए और बातें कीजिए।

(4)- जैसे ही कजरी आई, नेहा चल दी।

**Q-2 इन वाक्यों को मिश्र वाक्यों में बदलिए -**

(1)- पुलिस को देखते ही जेबकतरा भाग गया।

(2)- मैं ट्रेन में चढ़ गया।

(3)- मैने सीमा को हँसते हुए देखा।

(4)- परिचालक ने सीटी बजाई और बस चल दी।

**Q-3 इन वाक्यों को संयुक्त वाक्यों में बदलिए -**

(1)- रजनी खाना खाकर सो गई।

(2)- अलका बाजार जा रही है।

(3)- बारिश हो रही थी, इसलिए वह नहीं आया।

(4)- वह लड़का जो सामने बैठा था, घर चला गया।

**Q-4 मौखिक प्रश्न**

(1)- वाक्य किसे कहते हैं?

(2)- वाक्य के अंगों की जानकारी सोदाहरण दीजिए।

(3)- रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं? उनके नाम बताइए।

(4)- अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद बताइए।

## Multiple Choice Questions

**(a) वाक्य के कितने अंग होते हैं?**

(i) तीन अंग

(ii) दो अंग

(iii) चार अंग

**(b) शायद मैं भी वहाँ जाऊँ। कौन-सा वाक्य है?**

(i) इच्छावाचक

(ii) संदेहवाचक

(iii) संकेतवाचक

**(c) वह रोज स्कूल नहीं जाता। कौन-सा वाक्य है?**

(i) निषेधवाचक

(ii) प्रश्नवाचक

(iii) विधानवाचक

**(d) श्याम सो रहा है और जॉन पढ़ रहा है। कौन-सा वाक्य है?**

(i) सरल

(ii) मिश्र

(iii) संयुक्त

**(e) जब वह यहाँ आई, तब मैं घर पर नहीं थी। कौन-सा वाक्य है?**

(i) मिश्र

(ii) सरल

(iii) संयुक्त

**Chapter-20 मुहावरे और लोकोकितयाँ (Idioms and Proverbs)**

**Q-1 इन मुहावरों के अर्थ लिखिए -**

(1)- आटे में नमक -

(2)- कान खाना -

(3)- टोपी उछालना -

(4)- तंग दिल होना -

(5)- गला काटना -

(6)- हाथ-पाँव मारना -

**Q-2 उचित मिलान कीजिए -**

**Q-3 निम्नलिखित के लिए उपयुक्त लोकोक्ति लिखिए -**

(1)- दिखावा अधिक, वास्तविकता कम -

(2)- एक वस्तु के अनेक माँगने वाले -

(3)- ताकतवर की ही विजय होती है -

(4)- सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं होती -

## Multiple Choice Questions

**(a) घड़ों पानी पड़ना -**

(i) शर्मिंदा होना

(ii) भीग जाना

(iii) गरमी से राहत पाना

**(b) अक्ल का दुश्मन -**

(i) मूर्ख

(ii) धूर्त

(iii) खूबसूरत

**(c) आँखों का तारा -**

(i) बहुत दूर का

(ii) आँखों की रोशनी

(iii) बहुत प्यारा

**(d) नानी याद आना -**

(i) नानी की याद आ जाना

(ii) होश खो जाना

(iii) होश ठिकाने आना

**Chapter-21 विराम - चिन्ह (Punctuation)**

**Q-1 नीचे दिए गए वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाकर उन्हें दोबारा लिखिए -**

(1)- वाह वाह यह तो कमाल हो गया -

(2)- सुमन कहाँ गई है -

(3)- रमन करण धर्म और नरेश सभी छात्र हैं -

(4)- नेता जी ने कहा दिल्ली चलो -

(5)- राधिका तुम कहाँ जा रही हो -

(6)- लोकेश दिन रात पढ़ता रहता है -

(7)- खाना खा लो फिर चलेंगे -

(8)- बस्ता ले आओ बस आ गई -

(9)- श्याम कहाँ खेल रहा है -

(10)- राजेश उधर कहाँ जा रहे हो -